दिन– शुक्रवार                                                    दिनांक– 30 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                    अवधि – 15 मिनट

---

01. हॉकी इंडिया ने इस वर्ष महिला एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी का आयोजन राजगीर में करने की घोषणा की। ग्यारह नवम्बर से बीस नवम्बर तक आयोजित होगी प्रतियोगिता।

02. राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर आज पटना में राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक करेंगे। शैक्षणिक और प्रशासनिक मामलों की होगी समीक्षा।

03. प्रदेश से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में उतार–चढाव का सिलसिला जारी। भागलपुर में गंगा समेत अन्य नदियों के जलस्तर में कमी आने से बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार।

04. और, राज्य में पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के पचास नए मामले मिले। पटना में डेंगू पीड़ित एक किशोर की मौत।

---

हॉकी इंडिया ने इस वर्ष महिला एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी का आयोजन राजगीर में करने की घोषणा की है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिरकी ने बताया कि प्रतियोगिता ग्यारह नवम्बर से शुरू होकर बीस नवम्बर तक चलेगी। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार के संयुक्त तत्वावधान में यह चैंपियनशिप राजगीर हॉकी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। डॉ. तिरकी ने इसे हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताया। पिछले वर्ष हॉकी झारखंड ने रांची में महिलाओं की एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी की मेजबानी की थी। इसमें भारतीय टीम ने खिताब पर कब्जा जमाया था। मौजूदा चैंपियन भारत के अलावा इस स्पर्धा में ओलंपिक की रजत पदक विजेता टीम चीन के साथ ही जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीमों के भाग लेने की संभावना है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कल राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राजगीर में अत्याधुनिक खेल अकादमी, खेल परिसर और खेल विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया। खेल परिसर में चौबीस बिस्तरों वाला अस्पताल भी है, जिसमें खेलों के दौरान आई चोट के अत्याधुनिक उपचार की सुविधा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि यह देश का

पहला ऐसा खेल स्थल होगा, जहां एक ही स्थान पर खेल परिसर और खेल विश्वविद्यालय होगा।

–––रिपोर्ट–––

---

राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आज पटना स्थित राजभवन में राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक बुलायी है। बैठक में स्नातक और स्नातकोत्तर के शैक्षणिक कैलेंडर की स्थिति, लंबित परीक्षाओं के मामले तथा पूर्व की बैठकों में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा होगी। इसके साथ ही सेवानिवृत्त शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों के सेवांत लाभ की भी समीक्षा की जाएगी।

---

सरकारी स्कूलों में अब पहली से आठवीं तक की अर्द्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षा राज्य शिक्षा शोध और प्रशिक्षण परिषद, एससीईआरटी लेगी। इस संबंध में शिक्षा विभाग ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिया है। दिशा–निर्देश में कहा गया है कि परीक्षा का कार्यक्रम भी एससीईआरटी तैयार करेगा। वहीं, परीक्षा के लिए विषयवार प्रश्न पत्र के साथ मूल्यांकन प्रक्रिया और प्रगति रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी भी एससीईआरटी की होगी। राज्यभर में परीक्षा एक तिथि, एक विषय और एक ही दिन आयोजित की जाएगी। अर्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन अठारह से चौबीस सितम्बर तक होगा। गौरतलब है कि अबतक पहली से आठवीं तक की अर्द्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षा जिला स्तर पर आयोजित की जाती थी।

---

दरभंगा के शोभन में एम्स निर्माण के लिए राज्य सरकार शीघ्र ही सैंतीस एकड़ से अधिक जमीन केंद्र सरकार को सौंपेगी। राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार ने जमीन चिह्नित कर ली है। इससे पहले बारह अगस्त को राज्य सरकार ने एक सौ पचास एकड़ से अधिक जमीन केंद्र सरकार को सौंपी थी।

---

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि ट्रांसजेंडर जन अधिकार संरक्षण अधिनियम के तहत जारी पहचान पत्र पैन कार्ड के आवेदन के लिए वैध दस्तावेज माना जाएगा। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने इस संबंध में केन्द्र सरकार को दिशा–निर्देश जारी किया है।

---

पटना उच्च न्यायालय ने नगर पालिका संशोधन अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को हलफनामा दायर कर स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी की पीठ ने पटना, गया, मुंगेर और खगड़िया नगर निकायों के मेयर द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई की। इस मामले की अगली सुनवाई तीन अक्टूबर को होगी।

---

भारतीय रिजर्व बैंक – आरबीआई ने अपने नाम के दुरुपयोग से जुड़ी धोखाधड़ी गतिविधियों के खिलाफ चेतावनी जारी की है। आरबीआई ने कहा कि जालसाज विभिन्न हथकंडे अपनाते हैं, जिनमें फर्जी लेटरहेड और ईमेल पते, आरबीआई कर्मचारियों का रूप धारण करना और लॉटरी जीतने, फंड ट्रांसफर, विदेशी प्रेषण तथा सरकारी योजनाओं जैसे काल्पनिक प्रस्तावों के साथ व्यक्तियों को लुभाना शामिल है।

---

आयकर विभाग ने रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार बिहार और झारखंड के प्रधान आयकर आयुक्त संतोष कुमार को पद से निलंबित कर दिया है। इधर, इस मामले में गिरफ्तार सभी पांच आरोपियों से सीबीआई ने पूछताछ शुरू कर दी है।

---

राज्य से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में उतार–चढाव का सिलसिला जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर में बढ़ा है जबकि अन्य स्थानों पर स्थिर बना हुआ है। सोन नदी का जलस्तर रोहतास के इन्द्रपुरी में बढ़ रहा है। वहीं, पुनपुन नदी पटना के श्रीपालपुर में खतरे के निशान से लगभग बीस सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट में लाल निशान से ऊपर बना हुआ है। इधर, बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में और बागमती नदी मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान से

ऊपर है। कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में लाल निशान से ऊपर दर्ज किया गया है।

---

हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा, गंडक और बागमती नदी के जलस्तर में कमी आने से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति में मामूली सुधार हुआ है। हालांकि जलस्तर में कमी आने के बाद कई स्थानों पर कटाव का खतरा भी उत्पन्न हो गया है। भागलपुर जिले के सबौर और नाथनगर प्रखंड में कटाव से कई गांव प्रभावित हो रहे हैं। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

कटिहार जिले के विभिन्न प्रखंडों के तिरेपन गांवों की एक बड़ी आबादी अभी भी बाढ़ की त्रासदी का सामना कर रही है। राहत सामग्री समय पर नहीं मिल पाने से लोगों में आक्रोश है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

कटिहार जिले के अमदाबाद ,मनिहारी, मनसाही, कुर्सेला और  बरारी प्रखंड के कई गांव में बाढ़ के कारण अभी भी जनजीवन प्रभावित है। जिले के करीब 53 गांव के 24 हजार से अधिक की आबादी बाढ़ से जूझ रही है। बरारी प्रखंड के कुंडी घाट, भवानीपुर, मोहनाचांदपुर और गुरमेला गांव के सैकड़ों घरो में पानी घुस गया है। यहां फिलहाल दो सामुदायिक किचन चलाया जा रहा है। इधर गंगा, कोसी, कारी के साथ ही बरंडी नदी के जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई। जिससे राहत की उम्मीद जगी है। कई प्रभावित इलाकों में अभी तक राहत शिविर नहीं चलाये जाने और मवेशियों के लिए चारे का प्रबंध नहीं किये जाने से लोगों में आक्रोश है। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी।

खगड़िया से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा और गंडक नदी के जलस्तर में कमी के बावजूद बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के हालात में कोई सुधार नहीं है।

---

मॉनसून के कमजोर होने के साथ ही राज्य में बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक राज्य में किसी भी जगह भारी बारिश की संभावना नहीं है। बिहार में अबतक सामान्य से पच्चीस प्रतिशत कम बारिश रिकॉर्ड की गई। अबतक सात सौ बासठ दशमलव पांच मिलीमीटर बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन पांच सौ सत्तावन दशमलव नौ मिलीमीटर ही बारिश हुई है। मधुबनी में सामान्य से बावन प्रतिशत कम बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं नवादा में तेईस प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो दिनों के दौरान

प्रदेश के दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है। वहीं, उत्तरी भागों में छिटपुट बारिश हो सकती है।

———बाईट———

---

राज्य में डेंगू के नए मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पचास नए मामलों की पुष्टि हुई है। इसमें सबसे अधिक अठारह मामले पटना से हैं। वहीं, समस्तीपुर में डेंगू के छह मरीज मिले हैं। इधर, पटना स्थित एनएमसीएच में डेंगू पीड़ित एक किशोर की मौत हो गई। वह नौबतपुर का रहने वाला था।

---

राम मनोहर लोहिया अस्पताल दिल्ली के डॉ. सुभाष गिरी ने डेंगू पीड़ितों को चिकित्सक की सलाह के आधार पर ही दवाओं का सेवन करने का परामर्श दिया है।

———बाईट———

---

पटना की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के प्रयास के मामले में दोषी अखिलेश चौधरी को सात वर्ष कारावास और आठ हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

खगड़िया की एक अदालत ने हत्या के पांच साल पुराने एक मामले में पवन पासवान को आजीवन कारावास और पैंतीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

पश्चिम चम्पारण जिले के नरईपुर स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में एक दीवार के गिर जाने से छह छात्र दब गये। सभी घायल छात्रों को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल एक छात्र को बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच, बेतिया में भर्ती कराया गया है।

---

मोतिहारी मुफस्सिल थाना क्षेत्र में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने छापेमारी कर एक सौ ग्राम हेरोईन के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.....

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – राजगीर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर के सूबे के पहले खेल परिसर का किया उद्‌घाटन। खेल विश्वविद्यालय और अकादमी का लोकार्पण।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है – रेल टिकट पर होगा क्यूआर कोड, फर्जीवाड़े पर लगेगा अंकुश।

**दैनिक भास्कर** ने झारखंड के राजनीतिक घटनाक्रम को प्रमुखता देत हुए लिखा है – चंपाई सोरन आज बेटे के साथ भाजपा में शामिल होंगे।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – डेंगू से पटना में इस सीजन की पहली मौत। राज्य में पचास नए मरीज भी मिले।

**राष्ट्रीय सहारा** लिखता है – जातीय जनगणना पर राजग का सहयोगी जदयू विपक्ष के साथ।

**आज** अखबार ने लिखा है – राहुल गांधी जल्द शुरू करेंगे भारत डोजो यात्रा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. हॉकी इंडिया ने इस वर्ष महिला एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी का आयोजन राजगीर में करने की घोषणा की। ग्यारह नवम्बर से बीस नवम्बर तक आयोजित होगी प्रतियोगिता।
02. राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर आज पटना में राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक करेंगे। शैक्षणिक और प्रशासनिक मामलों की होगी समीक्षा।
03. प्रदेश से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में उतार–चढाव का सिलसिला जारी। भागलपुर में गंगा समेत अन्य नदियों के जलस्तर में कमी आने से बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार।
04. और, राज्य में पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के पचास नए मामले मिले। पटना में डेंगू पीड़ित एक किशोर की मौत।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।